## खबर संक्षेप

### चाकू चमकाते आरोपी धराया

**शहडोल।** खैरहा थाना क्षेत्रांतर्गत 21 अप्रैल को मुखबिर सूचना मिली कि सिरौंजा में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर खैरहा पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर आरोपी रामकुमार जैसवाल पिता चंद्रिका जैसवाल 30 साल निवासी सिरौंजा को पकड़कर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला। जिसे जप्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी खैरहा के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक नारेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 90 वाहन चालकों से वसूले समंस शुल्क

**शहडोल।** जिला पुलिस द्वारा 21 अप्रैल को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 90 चालानों में 40,300 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया, कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### संभाग स्तरीय त्रैमासिक बैठक कल

**शहडोल।** उपायुक्त राजस्व ने जानकारी दी है कि सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से संभागस्तरीय त्रैमासिक बैठक का आयोजन 24 अप्रैल को दोपहर 12:30 बजे से कमिश्नर कार्यालय के सभागार में किया गया है।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**शहडोल।** पपौंध थाना क्षेत्र के ओदरी गांव में फसल को पानी लगा रहे किसान की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि रामलाल साकेत घर के समीप खेतों में पानी लग रहा था, इस दौरान वह बिजली की करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं पास में उसका पुत्र भी खेत में काम कर रहा था अचानक पिता को गिरते देख पुत्र दौड़ पड़ा और पास में जाकर देखा तो रामलाल साकेत के पैर में बिजली की कटी हुई वायर चिपकी हुई थी। जिससे पुत्र यह समझ गया कि पिता को करंट लगा हुआ है, तत्काल उसने बिजली का कनेक्शन दौड़कर काटा जब तक रामलाल की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद पुत्र ने आसपास के लोगों को मामले की जानकारी दी, लोग मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी लगने के बाद थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची पंचनामा तैयार कर मृतक के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया और अस्पताल पीएम की कार्यवाही के लिए शव को भेजा गया है। थाना प्रभारी का कहना है कि खेतों में पानी लगा रहे रामलाल करण करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हुई है, मामले पर मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

### कबाड़ माफिया रहीम अब तक पुलिस से बचता रहा : सबी खान

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक से आग्रह है कि काफी अर्से से कबाड़ के कारोबारी रहीम अंसारी पिता कादिर अंसारी निवासी सोहागपुर का गरीब छोटे-छोटे बाल मजदूर को कबाड़ एवं अनैतिक कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करता हैं। शहर के सोहागपुर व सिटी कोतवाली में कुल 9 से अधिक मुकदमे दर्ज होने के बाबजूद रहीम बिना रोक टोक के कबाड़ कारोबार को धड़ल्ले से जारी किए हुए हैं। अभी हाल ही में शहर के घरों में चोरों के द्वारा चोरी कि वारदात बढ़ी है। कबाड़ियों के निशाने से पुलिस, पत्रकार और आमजन की पब्लिक प्लेस से गाड़ियां लगातार चोरी हो रही है और घरों से चोरी के कीमती समान लोहा इत्यादि पुलिस को चकमा देकर कबाड़ी ढिकाना लगा रहे है। सबी खान बंटी ने मांग की है कि रहीम अंसारी जैसे आदतन अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई कि जाए। जिससे समाज सुरक्षित हो।

## विकसित देशों से लाखों में आ रहा धन, करारनामें का अड़ंगा

# अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा भुगतान की सुविधा बंद, हितग्राही भटक रहे

**शहडोल।** विदेशों से आने वाली मुद्रा को सहजता से उपलब्ध कराने वाले प्रधान डाकघर का काउंटर एक करारनामें के गतिरोध के कारण पिछले ढाई महीनों से बंद पड़ा है। जिससे हितग्राही परेशान हैं, ज्ञातव्य है कि यहां सालाना औसतन 60 लाख रुपए की आवक थी, जो कि दुनिया के कई विकसित देशों से भेजी जा रही थी। यह संभाग की एक उल्लेखनीय सुविधा मानी जा रही थी। विकास के इस दौड़ में सरकार ने संभाग को विदेशी मुद्रा अर्जित करने की सुविधा दिलाई थी। अच्छी पढ़ाई लिखाई करने के बाद संभाग के लोग धन कमाने के लिए विदेशों में जाकर सेवाएं दे रहे हैं। उनसे हर माह अथवा वर्ष में एक बार विदेशी मुद्रा शहडोल, उमरिया, अनूपपुर जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्रों में आ रही थी। लेकिन यह सुविधा 1 फरवरी से बंद कर दी गई है। जिससे इस सुविधा से जुड़े लोग काफी परेशान हैं। उन्हे रकम लेने कटनी, जबलपुर के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। कारण यह है कि यह सुविधा वेस्टर्न यूनियन मनी ट्रांसफर सेंटर और भारतीय डाक सेवा के मध्य करारनामें के जरिए प्रधान डाकघर शहडोल में संचालित हो रही थी। लेकिन यह करार नवीनीकृत नहीं होने से यह सुविधा 1 फरवरी से बंद करनी पड़ी है। एक जानकारी के अनुसार सुविधा मिलने से विदेशी मुद्रा की आवक उत्तरोत्तर बढ़ रही थी। पिछले वर्ष तक विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाले हितग्राहियों की संख्या लगभग एक हजार थी।

### यहां से आ रहा था धन

प्रधान डाकघर से मिली जानकारी अनुसार शहडोल में अमेरिका, आस्ट्रेलिया, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, साउदी अरब, दुबई, आयरलैण्ड, पोलैण्ड जैसे विकसित देशों से हर माह अथवा वर्ष में मुद्द्रा का अर्जन किया जा रहा था। इससे यह ज्ञात होता है कि संभाग के लोग भी आज इन विकसित देशों में रहकर अपनी भूमिकाएं निभा रहे हैं और अच्छी खासी आय अर्जित कर रहे हैं। लोगों की विदेशों के प्रति बढ़ते रुझान को देखते हुए ही यह सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। इस सुविधा में हितग्राही को न्यूनतम प्रक्रियाओं के बाद मुद्रा प्रदान कर दी जाती थी। लेकिन अब यह सुविधा अवरुद्ध हो चुकी है। जिससे लोगों के लिए समस्याएं बढ़ती जा रहीं हैं।



### औसतन 60 लाख की थी आवक

संभाग में विदेशी मुद्रा की आवक पूरे वर्ष के आंक ड़ों का औसत निकालने पर लगभग 60 लाख रुपए थी। जो कि एक बड़ी रकम मानी जाती है। इस कार्य में डाकघर को भी कमीशन प्राप्त हो रहा था। माना जाता है कि विदेशों की उच्च स्तरीय जीवन शैली में रहने के बावजूद लोग अपने परिजनों के लिए अच्छी खासी रकम भेज रहे थे, इससे यह ज्ञात होता है कि विदेशों में सेवाएं करने वाले अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। जबकि यहां उनकी योग्यता का उतना मूल्यांकन नहीं हो रहा था। यही धनलाभ और उच्च स्तरीय जीवन शैली लोगों को विदेशों की ओर खींच रही है। वर्तमान में यह आमदनी बंद पड़ी है करारनामे का नवीनीकरण और नए समझौते कब तक हो सकेंगे इस बारे में कुछ कह पाना कठिन है।

### इस तरह होती है रकम ट्रांसफर

प्रक्रिया के संदर्भ में बताया गया कि विदेशों में रहने वाले जब अपनी रकम भेजते हैं तो वे सबसे पहले वहां के वेस्टर्न यूनियन मनी ट्रांसफर सेंटर में जाते हैं जहां पहचान और दस्तावेजों के बाद एक गोपनीय मनी ट्रांसफर कंट्रोल नंबर प्रदान किया जाता है, जिसे रकम भेजने वाला अपने शहडोल या अन्य स्थान में निवास करने वाले संबंधी को मोबाइल के माध्यम से भेज देता है। यहां के डाकघर में वह व्यक्ति अपने मूल दस्तावेज दिखाकर उक्त कंट्रोल नंबर बताकर शीघ्र ही रकम अर्जित कर लेता है। इस सुविधा से लोग काफी लाभान्वित हो रहे थे। प्रक्रिया को काफी गोपनीय और भरोसेमंद बनाया गया है कि जिससे कोई उसका दुरुपयोग नहीं कर सके।

### इनका कहना है

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा भुगतान की सुविधा करारनामें के माध्यम से संचालित थी, लेकिन करारनामा रिनुअल नहीं हो पाने के कारण सुविधा बंद करनी पड़ी।

**आरयू रहमान**
**डाक अधीक्षक, प्रधान डाकघर**
**शहडोल**

# पतखई घाट में पलटी बस, 20 यात्री घायल



### डायल 100 पुलिस ने तत्काल की मदद

**शहडोल।** पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल से थाना खैरहा 100 डायल को 22 अप्रैल को सूचना दी गई कि पथखई घाट में एक बस पलट गई है। उक्त बस ग्राम मछेहा थाना नौराजाबाद जिला उमरिया से बारात लेकर ग्राम गोपालपुर जिला डिंडोरी गई थी, विवाह उपरांत वापस आते समय पथखई घाट में पलट गई जिससे कई बारातियों को गंभीर चोटे आई हैं। उक्त सूचना पर थाना खैरहा डायल 100 में तैनात आरक्षक सतीश चौरसिया जो स्वंय अभी कुछ दिन पूर्व एक्सीडेंट हो जाने के कारण घायल थे, जो स्वयं भी सही से चल नही पा रहे थे। परंतु पुलिसकर्मी ने अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखते हुए पायलेट पंकज लोधी के साथ घटनास्थल पर तत्काल पहुंचे एवं उनके द्वारा मौके पर पहुंचकर बस के पलट जाने से करीब 15-20 लोग घायल व्यक्तियों को सूझबूझ का परिचय देते हुए उठाया एवं तत्काल अत्यधिक गंभीर रूप से घायल करीब 7-8 लोगों को बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिंहपुर में उपचार हेतु भर्ती कराया गया एवं शेष घायलों को थाना सिंहपुर डायल 100 द्वारा लाकर उपचार हेतु सीएससी सिंहपुर में भर्ती कराया गया।

# समीक्षा बैठक में सभी जिलाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य : कलेक्टर

### समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

**शहडोल।** कलेक्टर तरूण भटनागर ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में समस्त विभागीय अधिकारियों की उपस्थित अनिवार्य रूप से रहें यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कोई भी विभागीय अधिकारी बिना अवकाश स्वीकृत किये बिना बैठक से अनुपस्थित न रहें।




बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी सूचना के अधिकार की जानकारी आवेदको को समय पर देना सुनिश्चित करें तथा अभिलेखों की जानकारी किन कारणो से नहीं दे सकते, इसके सबंध में भी आवेदनकर्ताओं को जानकारी मुहैया कराएं। बैठक के दौरान कलेक्टर तरूण भटनागर ने दागना कुप्रथा को रोकने के लिए जिले में की जा रही कार्यवाही की भी जानकारी ली एवं दागना कुप्रथा को रोकन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने एवं गांव-गांव जाकर इसे रोकने हेतु जन जागरूकता कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने नशा मुक्ति अभियान की भी जानकारी प्राप्त की एवं निर्देश दिए कि नशा मुक्ति हेतु लोगों को जागरूक करेए नशे से होने वाली बीमारी एवं नुकसान के बारे में भी जानकारी दें। बैठक में कलेक्टर श्री भटनागर ने कहा कि जिले में जितने भी कंट्रोल रूम हैं, चिकित्सा संबंधी या जल विभाग संबंधी सहित अन्य कन्ट्रोल रूम वो 24 घंटे सक्रिय रहे एवं टीम तत्काल सुविधा देने के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में फोन कॉल्स आने पर तुरंत कार्यवाही हो सके, इसेलिए संबंधित विभाग में सभी आवश्यक वस्तुएं भी उपलब्ध हों जिससे आवेदक को तुरंत सहायता मिल सके।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग, अनुविभागीय अधिकारी अरविंद शाह, प्रगति वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एन्टोनियो एक्का, भागीरथी लहरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहर के मध्य स्थित तालाब में भारी गन्दगी व्याप्त



**शहडोल।** नगर के मध्य स्थित तालाब की हालत बाद से बदतर हो गई है, चौपाटी स्थित तालाब में व्याप्त गंदगी से इसके आसपास बीमारी फैलने की संभावना बन गई है। गंदगी से निकलती बदबू से स्थानीय लोगों का जीना दुष्वार हो गया है। तालाब की गंदगी समाप्त करने के लिए शिकायत करने के बावजूद किसी पदाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट नहीं है। स्थानीय रहवासियों के द्वारा घरों के निस्तार का गन्दा पानी भी इसी तालाब में बहाया जा रहा है।

### बदबू से परेशान लोग

किसी समय इस तालाब का सौंदर्य देखते ही बनता था जब सौदर्यीकरण के नाम पर इसमें फव्वारा लगाया गया था, लोग दूर-दूर से इसे देखने आते थे लेकिन आज स्थिति विपरीत हो गई है। चौपाटी में खड़े होकर चाट खाने वाले लोगों को गन्दगी, बदबू का सामना करना पड़ रहा है। तालाब के चारों और लगाई गई रेलिंग भी कई जगह से टूट चुकी है और चहारदीवारी भी क्षतिग्रस्त हो गई है। बीचोबीच लगा झूला पूल भी केवल देखने भर को रह गया है। नगर के लोगो के मनोरंजन के लिए बोट की व्यवस्था भी की गई थी जिसका आज कोई वजूद दिखाई नहीं पड़ता है, पूरे तालाब में जलीय पौधो की भरमार है।

### शोपीएम बना फव्वारा

इस तालाब के बीचोबीच लगे फव्वारे को चले भी एक अरसा हो गया है और आज यह केवल शो पीस बनकर रह गया है, नाली का पानी तालाब में गिरने से वह गंदा हो रहा है, अब तालाब से बदबू आ रही है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिले को जहाँ तालाबों की नगरी के नाम से जाना जाता था वहां तालाबों की दुर्दशा पर आज कोई भी ध्यान देने वाला नहीं है। नगरपालिका को चाहिए था की वह इस तालाब और इसके आसपास के स्थान को साफ-सुथरा बना कर रखे लेकिन हुआ इसके विपरीत है और गन्दगी से सराबोर यह तालाब आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है।

# जैतपुर में उर्स व इज्तेमाई शादी 29 को

**शहडोल।** जिले के जैतपुर मे बाबा करामत शाह रहमतुल्लाह का 83 वां उर्स मुबारक व इज्तेमाई शादी का आयोजन 29 अप्रैल को किया जाएगा। जबकि कव्वाली का शानदार मुकबाला अगले दिन 30 अप्रैल को रात्रि 9 बजे से होगा। आयोजन के संबंध मे उर्स कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद रईश व सेकेट्री चाँद खां न्याजी तथा कार्यवाहक अध्यक्ष सफीक कादरी व अनीश अहमद ने संयुक्त रूप से बताया कि यह उर्स मुबारक का 83 वां साल है। जबकि सामूहिक निकाह का 15 वां साल। वर्ष 2009 से कमेटी निकाह का आयोजन करा रही हैं। जिसमे अभी तक 158 जोड़ो का निकाह कराया जा चुका है। इसी कड़ी मे हर साल की तरह इस साल भी कमेटी द्वारा 10 जोड़ो का इज्तेमाई निकाह कराकर उन्हें तोहफा दिया जाएगा। निकाह 29 अप्रैल को बाद नमाज़ मगरिब शाम 7 बजे होगा। जबकि मशहूर शायरे इस्लाम नात खां शब्बीर बरकाती रात 9 बजे से अपना नातिया कलाम पेश करेंगे। वहीं दूसरे दिन 30 अप्रैल को देश के जाने माने कव्वालो के बीच कव्वाली का मुकाबला रात 9 बजे से होगा। जिसमे गुजरात के अहमदाबाद से अनीश नवाब व बिहार के गया जिले से गीता चिस्ती तशरीफ़ ला रहीं हैं। कमेटी के पदाधिकारियों ने सभी अकीदतमंदो से ज्यादा से ज्यादा तादात मे कार्यक्रम मे शामिल होने की अपील की है।



(खबर का असर)

# गुणवत्ता के साथ जल्दी निपटाओ सीवर लाइन का कामः कमिश्नर

### काम की मंथर गति को देखकर कमिश्नर ने लगाई फटकार

**शहडोल।** लगभग दो वर्षो से नगर की परेशानियों का कारण बने सीवर लाइन के काम की आखिर कमिश्नर बीएस जामोद ने सुध ली। उन्होने संभाग मुख्यालय में किए जा रहे सीवर लाइन बिछाने के कार्य का जायजा लिया और काम में बरती जा रही लापरवाही देख कर संबंधित निर्माण एजेंसी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। ज्ञातव्य है कि सीवर लाइन बिछाने के काम से होने वाली असुविधा के संबंध में हरिभूमि समाचार पत्र ने अपने 22 अप्रैल के अंक में प्रमुखता से छापा था। जिसे कमिश्नर श्री जामोद ने गंभीरता से लिया है। कमिश्नर ने सोमवार को सीवर लाइन के अलावा बस स्टैण्ड से लल्लू सिंह चौक तक सड़क निर्माण का भी जायजा लिया।

### मजदूरों की संख्या बढ़ाओ

सीवर लाइन का जायजा ले रहे कमिश्नर श्री जामोद ने निर्माण एजेंसी एमपीयूडीसी के अधिकारियों से निर्माण की तकनीकी जानकारियों के साथ काम में बरती जा रही ढिलाई की चर्चा की। अधिकारी उन्हे संतोषप्रद जवाब नहीं दे सके । इस पर कमिश्नर ने उन्हे जमकर फटकारा और कहा कि गुणवत्ता के साथ मजदूरों की संख्या बढ़ाओ और काम जल्दी पूरा करो। काम बंद पाए जाने पर उन्होने पूछा काम क्यों बंद पड़ा है, इस पर भी अधिकारी संतोषप्रद जवाब नहीं दे सके। श्री जामोद ने कहा कि सीवर लाइन बिछाने के बाद सही ढंग से समतलीकरण भी नहीं किया जा रहा है। निर्माण एजेंसी कई स्तरों पर लापरवाही बरत रही है।



### बेहतर काम होने के आसार

सीवर लाइन के काम को जिस तरह आयुक्त ने गंभीरता से लिया है उसे देखकर ऐसा प्रतीत है मानों आने वाले समय में निर्माण एजेंसी द्वारा सुचारू रूप से काम किया जाएगा और गुणवत्ता के साथ पूरी गति के साथ काम किया जाएगा। सीवर लाइन का काम भी होगा और लोगों की आफत भी कम होगी। सड़क खुदाई और पाइपे डालने के बाद सड़क से धूल उड़ती है जो कि लोगों के लिए आफत बनती है उसमें पानी का छिड़काव भी ढंग से किया जाएगा। निर्माण एजेंसी इस महत्वपूर्ण कार्य में अब तक लापरवाही करती रही है। चेम्बर बनने के बाद सड़क का समतलीकरण और सुधार कार्य भी केवल दिखावे के लिए किया जाता रहा है। जिस पर अब विराम लग सकेगा।

### मड़वा के लिए लकड़ी लेने गये युवक पर बाघ ने किया हमला



**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मड़वा के लिए लकड़ी लेने गए एक युवक पर बाघ ने हमला कर दिया। इस हमले में युवक के सिर, माथे और हाथ में चोट आई है। हालांकि युवक पूरी तरह से खतरे से बाहर है। इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक का नाम भूपेन्द्र सिंह निवासी ग्राम मरदरी बताया गया है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 21 वर्षीय यह युवक जब बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व धमोखर बीट के आर एफ 291 में पहुंचा तब बाघ ने इस पर हमला किया। बाघ ने हमला किया तो युवक का हाथ आगे बढ़ गया। हाथ पर बाघ के पंजे के चुभ गए। बाघ के हमले में युवक जमीन पर गिर गया और उसके सिर और माथे में भी चोट आई। बाघ तुरंत वहां से भाग गया जिससे युवक के जीवन पर खतरा नहीं बढ़ा। घटना की सूचना पर तत्काल मगधी परिक्षेत्राधिकारी अपनी टीम के साथ घायल युवक को अपने साथ ले जाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां घायल युवक इलाजरत है। घायल युवक के परिवार को परिक्षेत्राधिकारी मगधी द्वारा एक हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई है।



## खबर संक्षेप

### मानपुर विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान का प्रतिशत

**उमरिया 22 अप्रैल-** कलेक्ट र एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र1 कुमार जैन ने बताया कि मानपुर विधानसभा क्षेत्र के पांच मतदान केन्द्रों में 100 फीसदी मतदान हुआ है । इसी तरह 8 मतदान केन्द्रों में 95 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है । 90 से 95 प्रतिशत के बीच 2 मतदान केन्द्र, 85 से 90 प्रतिशत के बीच 2 मतदान केन्द्र, 80 से 85 प्रतिशत के बीच 9 मतदान केन्द्र , 75 से 80 प्रतिशत के बीच 15 मतदान केन्द्र, 70 से 75 प्रतिशत के बीच 34 मतदान केन्द्र ,65 से 70 प्रतिशत के बीच 70 मतदान केन्द्रे तथा 174 मतदान केंद्रो में 65 प्रतिशत मतदान हुआ है

### मतदाताओं का आभार महोत्सव कार्यक्रम आज

**उमरिया ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में ग्राम सेमरी एवं पिपरीटोला के मतदाताओ द्वारा शत प्रतिशत मतदान किया गया है । जिनके सम्मान में मतदाता आभार महोत्सव कार्यक्रम 23 अप्रैल को ग्राम सेमरी में दोपहर 2 बजे से तथा पिपरीटोला में सायं 4 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### संभागीय मानीटरिंग समिति की बैठक कल

**उमरिया।** मप्र अनुसूचित जाति, जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत संभाग स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक कमिश्नर की अध्यक्षता में 23 अप्रैल को प्रातः 11.30 बजे कमिश्नर के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। उक्त बैठक अब 24 अप्रैल को आहूत की जावेगी।

घटिया ईंटो के भी ऊंचे दाम, शासन से भट्टों की अनुमति नहीं

# अवैध ईंट भट्टों के पनपते व्यापार को शह दे रहे अफसर

**शहडोल।** आवासों के अधिक निर्माण के कारण आज ईंटो का कारोबार जमकर पनप रहा है। ईंटो के दाम आज आसमान छूने लगे हैं। जबकि ईंटो की गुणवत्ता में कोई दम नहीं रहता है। जिले के कोयलांचल में अवैध कोयले की सरलता से आमद हो जाने के कारण यहां काफी संख्या में ईंट भट्टे संचालित किए जा रहे हैं। इनमें अधिकांश अवैध हैं। सर्वाधिक कारोबार धनपुरी नगर के आसपास संचालित हो रहा है। प्रशासन और पुलिस की जानकारी के बावजूद इनके विरुद्ध कार्रवाई का नही होना इस बात का संदेह उत्पन्न करता है कि अफसरों की मिलीभगत से ईट भट्टे संचालित किए जा रहे हैं। अगर भट्टे संचालकों से अनुमति और लायसेंस माग लिए जांए तो असलियत का खुलासा हो सकता है। पूर्व में अमलाई पुलिस ने कई ईंट भट्टे में दबिश डालकर कोयले का जखीरा जब्त किया था। लेकिन धनपुरी पुलिस को इसके लिए कभी फुर्सत नहीं मिली। इस धंधे में कोयले की आपूर्ति करने हेतु नाबालिगों से भी काम लिया जा रहा है।

### जान जोखिम में डाल रहे नाबालिग

जानकारी मिली है कि बच्चों को कोयला संग्रहित करने खतरनाक बंद खदानों में भी भेजा जाता है। जबकि पूर्व में एक बंद खदान में 8 युवकों के शव पाए जा चुके हैं। इसके बाद भी कोल माफिया के लोग अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं। वे बच्चों को उकसा कर अथवा उन्हे लालच देकर इन खदानों में भेजते हैं। इसके अलावा बच्चों से ही अधिकांशतः उन क्षेत्रों से कोयला मंगाया जाता है जहां मैदानों अथवा खेतों से गहरा गड्ढा खोदकर कोयला निकाला जाता है। बच्चों के अलावा सैकड़ों की संख्या में गांवों के लोग भी सायकिलों से कोयला ढो रहे हैं। कोयले का यह अवैध कारोबार लोगों की जीविका का साधन ही बन चुका है।

### धुंए से बिगड़ रहा पर्यावरण

ईंट भट्टे संचालन के लिए शासन के निर्धारित नियम हैं लेकिन इन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का





क्षेत्रीय कार्यालय भी ईंट भट्टे वालों की जांच पड़ताल नहीं कर रहा है। भट्टे का दूषित धुंआ वातावरण में घुलकर वायु की शुद्धता को प्रभावित करता है, वह वायु दूषित होती है जो कि सांस लेने में उपयोगी होती है। प्रशासनिक अधिकारियों का अमला कभी भी धनपुरी के इन भट्टे का मुआयना नहीं करता है। भट्टे मालिकों से यह भी नहीं पूछा जाता है कि उनके पास क्या खनिज विभाग व पर्यावरण विभाग की अनुमति है, क्या विभाग ने कोई एनओसी जारी की है। यदि नहीं तो फिर किस तरह भट्टे संचालित किया जा रहा है। ऐसे भट्टे को तत्काल बंद कराया जाना चाहिए।

### पुलिस सत्यापन नहीं हो रहा

धनपुरी के आसपास अधिकांश ऐसे लोगों द्वारा भट्टे लगाया जा रहा है जो बाहर से बुलाए गए हैं। इनका पुलिस सत्यापन नहीं कराया जा रहा है। यह ज्ञात नहीं कि आखिर किस पृष्ठभूमि के लोग हैं। बाहरी लोग यहां चोरी को प्रश्रय देकर मालदार बन रहे हैं। कुछ स्थानीय लोग इनके सूत्राधार बने हुए हैं। वे ही उन्हे यहां खाली पड़ी जमीन, कालरी के पानी और कोयले की उपलब्धता का प्रोत्साहन देकर उन्हे यहां बुलाते हैं और काम शुरू कराने में अपनी भूमिका निभाते हैं। पुलिस भट्टे संचालकों की हिस्ट्री नहीं पूछ रही है और न उनका सत्यापन कर रही है। बाहर से आए यह लोग किसी आपराधिक पृष्ठभूमि के भी हो सकते हैं। एक तो वैसे भी सोहागपुर कोयलांचल आपराधिक गतिविधियों के लिए कुख्यात है ऊपर से और लोग लाए जा रहे हैं। जिनके बारे में किसी को कुछ पता नहीं है।

# विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाएं : कलेक्टर



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहडोल संसदीय क्षेत्र में लोक सभा निर्वाचन 2024 के मतदान की प्रक्रिया पूरी हो गई है। सभी जिला प्रमुख अधिकारी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाएं तथा योजनाओं का त्रैमासिक लक्ष्य के अनुसार कार्य योजना बनाकर उपलब्धि सुनिश्चत करे। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा के पत्रों, मानवाधिकार से प्राप्त शिकायतों, वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों , न्याायालयीन प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, जल जीवन मिशन तथा विद्युत विभाग नियमित रूप से अपने मैदानी क्षेत्रों का भ्रमण करके मैदानी अमले को क्रियाशील करें तथा पेयजल एवं विद्युत संबंधी समस्याओं का समय पर निराकरण सुनिश्चित कराएं। बैठक में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, एसडीएम पाली टी. आर. नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर, अंबिकेश प्रताप सिंह सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा त्रुटिरहित निर्वाचन संपन्न कराने में कलेक्टर ने आभार व्यक्त किया

**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान 19 अप्रैल को उमरिया जिले में भी संपन्न हो चुका है। पूरी निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित संपन्न कराने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले शासकीय अमला, स्वयं सेवी संस्थाओं, ट्रांसपोर्टरो, पुलिस बल, मास्टर ट्रेनर, सेक्टिर मजिस्ट्रेट, सेक्टर आफीसर, विभिन्न कार्यो के नोडल अधिकारी, एसएसटी, एफएसटी, व्हीएसटी की टीमो, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्वयं सेवी संस्थाओ, जन अभियान परिषद, एन आर एल एम, महिला एवं बाल विकास विभाग, नेहरू युवा केंद्र, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के मैदानी अमले, सामग्री वितरण स्थरल की व्यवस्था करने वाले लोक निर्माण विभाग एवं उनके सहयोगियों, एमसीएमसी की टीम तथा पूरे निर्वाचन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले मीडिया कर्मियों के प्रति कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू , सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया ने जिला प्रशासन की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोक सभा निर्वाचन में मतदान में अग्रणी भूमिका निभाने वाले मतदाताओ विशेषकर जिले के 6 मतदान केंद्र जहां शत प्रतिशत मतदान का रिकार्ड स्थाापित किया गया है, के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि जिले के जागरूक मतदाता शासन की अन्यव योजनाओ में भी जिला प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते हुए उपलब्धियों का नया रिकार्ड दर्ज करायेगे ।

# बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पठारी मतदान केन्द्र में हुआ शत प्रतिशत मतदान

**जिले में 6 मतदान केन्द्रो में शत प्रतिशत मतदान हुआ**

**उमरिया।** लोक सभा निर्वाचन 2024 में उमरिया जिले में 100 प्रतिशत मतदान करने वाले मतदान केन्द्रों की संख्या 6 हो गई है जिसमें मानपुर विधानसभा क्षेत्र के पांच मतदान केन्द्रों तथा बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र शामिल है । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्र 205 पठारी में कुल मतदाताओ की संख्या 307 थी जिसमें 158 पुरूष तथा 149 महिला मतदाता शामिल थे । इस मतदान केन्द्रा में सभी 307 मतदाताओ ने मतदान कर 100 फीसदी मतदान करने वाले मतदान केन्द्र में अपना नाम जुडवाकर इतिहास रच दिया। इसी तरह मानपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 95 गजरहा में 311 में 311 मतदाताओं ने वोट डाले हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 278 कुनकुनी में 238 मतदाताओं में से 237 ने वोट कास्ट किया है एक की मौत मतदान के कुछ दिन पूर्व हो चुकी थी,इसके अलावा मतदान केंद्र क्रमांक 312 कुसुमहा कला 441 में 441 , मतदान केंद्र क्रमांक 149 पिपरी टोला में 298 में 298 , मतदान केंद्र क्रमांक सेमरी 105 में 373 में से 373 मतदाताओं ने मतदान किया । लोकतंत्र के पर्व को मजबूती प्रदान की है,जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा जिले में शत प्रतिशत मतदान कराने स्वीप गतिविधियों के तहत कई तरह ने नवाचार किए गए थे। ये सभी मतदान केंद्र शहडोल संसदीय क्षेत्र के 90 मानपुर विधानसभा क्षेत्र के है। बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्र 205 पठारी में शत प्रतिशत मतदान, 95 से 99 प्रतिशत के बीच दो मतदान केन्द्रों में , 195 उमरपानी में 97.2 प्रतिशत, चिरूहला में 95.48 प्रतिशत मतदान हुआ । इसी तरह 90 से 95 प्रतिशत के बीच 4 मतदान केन्द्रों में मतदान हुआ है जिसमें 28 नरवार में 94.52 प्रतिशत, 200 उजान में 94.23 प्रतिशत, 192 सिंहपमर में 92.81 प्रतिशत तथा 105 लगवारी में 91.28 प्रतिशत मतदान हुआ। 85 से 90 प्रतिशत के बीच 6 मतदान केन्द्रों में मतदान हुआ है जिसमें 271 मछेहा में 89.63 प्रतिशत, 187 राघोपुर में 89.27 प्रतिशत, 25 मझगवां में 88.96 प्रतिशत, 68 गुडा में 88.64 प्रतिशत, 113 तखतपुर में 87.28 प्रतिशत , 14 धौरखोह में 86.05 प्रतिशत, 87 हर्रवाह में 84.60 प्रतिशत, 263 पोडी में 84.35 प्रतिशत, 149 अमडी में 83.39 प्रतिशत, 32 बहेरवा में 83.39 प्रतिशत, 24 लोरहा में 82.24 प्रतिशत, 210 डोगगवां 81.36 प्रतिशत मतदान हुआ । इसी तरह 80 से 85 प्रतिशत के बीच 6 मतदान केन्द्र 75 से 80 के बीच 7 मतदान केन्द्र , 70 से 75 प्रतिशत के बीच 41 मतदान केन्द्र , 65 से 70 प्रतिशत के बीच 60 मतदान केंद्र तथा 65 से नीचे 144 मतदान केन्द्रो में मतदान का प्रतिशत रहा ।

# पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण कर पृथ्वी को हरा भरा रखने का लिया संकल्प



### पाली मुक्तिधाम में पांच पौधे रोपण कर पृथ्वी संरक्षण का दिया संदेश

**उमरिया।** पृथ्वी का श्रृंगार हैं पेड़, पौधे, फल, झरने और हवा, इन्हें बचाने और धरती को हरा-भरा रखकर पृथ्वी पर जीवन को सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण अति आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा मुक्तिधाम पाली में पाली थाना प्रभारी मदनलाल मारवी की उपस्थिति में आंवला एवं नीम के पौधे लगाकर पौधा रोपण कर पृथ्वी को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया।थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने कहा कि 22 अप्रैल 1970 से पर्यावरण, पृथ्वी और जीवन के संरक्षण के लिए प्रत्येक वर्ष पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति को बचाने और संरक्षित करने में मदद करें। क्योंकि पृथ्वी सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी है। जीवन जीने के लिए जिन प्राकृतिक साधनों की जरूरत, एक पेड़, एक जानवर या फिर एक इंसान की होती है, वहीं पृथ्वी वह सब हमें प्रदान करती है। पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने पौधे ही जीवन को सुरक्षित कर सकते हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को जीवन में एक-एक पौधे का रोपण जरूर करना चाहिए। धरती को स्वस्थ रखने के लिए पौधों का महत्वपूर्ण भूमिका है। पृथ्वी के संरक्षण के लिए सबसे जरूरी पौधारोपण है। पृथ्वी का हम जितना दोहन कर रहे हैं, उसी के दुष्परिणाम हम आज झेल रहे हैं। पृथ्वी पर प्रदूषण को दूर करने के लिए सबसे अहम पौधारोपण है। इसके अलावा नदियों की सफाई के लिए देश में कई प्रयास होते हैं। अंतिम में उपस्थित सभी लोगों ने पृथ्वी को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया। पौधारोपण के दौरान पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, उपनिरीक्षक गोविंद सिंह धुर्वे, खुशी सेन, प्रेरणा तिवारी, कविता बर्मन, इच्छा तिवारी, श्रीराम तिवारी, ज्योति बैगा व सभी उपस्थित रहे।




# कोयला श्रमिकों के साथ नहीं होने देंगे अन्याय - के लक्ष्मण रेड्डी

**जमुना बंकिम बिहार में कार्यकर्ता बैठक का आयोजन संपन्न**

**जमुना/बदरा।** गत दिनांक को जमुना कोतमा क्षेत्र के बंकिम बिहार मे जमुना कोतमा क्षेत्र व हसदेव क्षेत्र के कार्यकर्ता बैठक संपन्न हुआ बैठक की अध्यक्षता विजय सिंह अध्यक्ष जमुना कोतमा क्षेत्र मंच संचालन जानकी सिंह ने की स्वागत भाषण रोशन उपाध्याय महामंत्री ने किया सभा में मुख्य अतिथि के लक्ष्मा रेड्डी कोल उद्योग प्रभारी (भारतीय मजदूर संघ) की उपस्थिति रही।

साथ में ए बी के एम एस उपाध्यक्ष मजरुल हक अंसारी मंत्री महेंद्र पाल सिंह, सुजीत सिंह दिलीप त्रिपाठी महामंत्री हसदेव क्षेत्र, एस ई सी एल समन्वयक उपस्थित रहे। जमुना कोतमा क्षेत्र व हसदेव क्षेत्र के विभिन्न इकाइयों से 150 के संख्या में क्षेत्रीय पदाधिकारी और इकाईयों के कार्यकर्ता एवं अध्यक्ष/सचिव उपस्थित रहे। कार्यकतार्ओं को संबोधित करते हुए के लक्ष्मा रेड्डी जी कोल उद्योग प्रभारी (भारतीय मजदूर संघ) ने कर्मचारियों के भविष्य निधि पेंशन, सुरक्षा, जैसे मुद्दों को गम्भीरता से भिन्न भिन्न फोरम में संगठन द्वारा उठाया जा रहा है। महिला कर्मचारियों से जुड़े समस्याओं के निदान हेतु अलग अलग कोल इंडिया के साथ सभी जोनों में महिला समिति बनाने पर जोर दिया अंत में बैठक की अध्यक्षता कर रहे विजय सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करतें हुए सभा समाप्त की घोषणा किया तथा जमुना कोतमा क्षेत्र में अबकी बार 1500 सदस्य पार का नारा सर्वसम्मति से लगाया गया भारत माता की जय कार से पूरा सदन गूंज उठा उन्होंने कहा कि पिछली बार काफी विरोध के बाद भी हम 1247 तक पहुंच पाए थे और नंबर एक पर थे लेकिन इस बार श्रमिकों की संख्या पिछली बार की तुलना में काम है इस बार मौत 21 सौ ही रह गए हैं इस बार हम सभी को दुगनी ताकत से लगना पड़ेगा जमुना कोतमा क्षेत्र और हसदेव क्षेत्र एस ई सीएल में भारतीय मजदूर संघ को एक नंबर पर लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और कुछ लोगों की नियुक्ति की गई जिसमें फ्रांसिस एंथोनी एरिया उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एरिया सचिव राजेंद्र गुप्ता एरिया सचिव सुखविंदर सिंह एरिया सचिव और महिला प्रतिनिधि में सरला द्विवेदी दुर्गा रुक्मणी कि संगठन में विभिन्न पदों पर नियुक्ति की गई।

# नगर निगम द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली गई ई-रिक्शा रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाताओं को अधिक से अधिक जागरूक करने एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने हेतु जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत कटनी नगर निगम द्वारा साप्ताहिक गतिविधियों के क्रम में आज प्रातः 10:00 बजे से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु ई-रिक्शा रैली निकाली गई। निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर नगर निगम कार्यालय से रवाना किया गया, यह रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए मिशन चौक,विश्राम बाबा से मुड़कर समदड़िया कॉलोनी,तांगा स्टैंड, चावला चौक, पोस्ट ऑफिस, संजय नगर, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री (ईस्टलैंड, वेस्टलैंड) छपरवाह एन.केजे बजरिया होते हुए तिलक कॉलेज, शहडोल रोड ओवर ब्रिज गर्ग चौराहा, सुभाष चौक से नगर निगम कार्यालय कटनी में समापन किया गया। रैली में लगभग 100 से अधिक ई रिक्शा रहे, जिसमें लोकतंत्र का पर्व देश का गर्व, लोकतंत्र में दे योगदान 26 अप्रैल 2024 को अवश्य करें मतदान के स्टिकर लगाकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके उपरांत निगम आयुक्त द्वारा सभी को मतदाता शपथ दिलाकर उक्त मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त पी.के.अहिरवार, कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा, सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर चित्रा प्रभात, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी प्रभारी सहायक यंत्री आदेश जैन, सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, प्र.फायर नियंत्रण अधिकारी अरविंद कुमार प्यासी उपयंत्री अश्वनी पांडे, पवन श्रीवास्तव, जेपी सिंह बघेल, मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा, शैलेंद्र प्यासी एवं निकाय के अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

कटायेघाट सुरम्य पार्क में मतदाता जागरूकता के लिए हुई गतिविधियां

# गीत, भजन, नुक्कड़ नाटक एवं नृत्य से दिया मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशानुसार संसदीय क्षेत्र खजुराहो के मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अधिक से अधिक सहभागिता एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि व जागरूकता हेतु नगर निगम द्वारा स्वीप गतिविधियों के तहत कटाये घाट सुरम्य पार्क में लोकतंत्र का पर्व के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया इसके उपरांत मतदाता गीत ,सामूहिक नृत्य मतदाता जागरूकता भाषण,नुक्कड़ नाटक इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत के द्वारा सभी को मतदाता शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरूकता के इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप मिश्रा द्वारा सभी को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन हेतु अधिक से अधिक मतदान हेतु सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा निरंतर मतदाता अभियान के तहत गतिविधियां आयोजित कर मतदान हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है, अतः 26 अप्रैल 2024 को सभी मतदान कर राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग देकर अपना कर्तव्य अवश्य निभाएं एवं अपने आसपास के लोगों को भी मतदान हेतु प्रेरित करें। कार्यक्रम में उपस्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर चित्रा प्रभात, साधुराम उच्चतर माध्यमिक शाला, के.सी,एस कन्या शाला एवं ए रविंद्र राव शाला के शिक्षक व विद्यार्थियों ने मतदान जागरूकता को लेकर अपनी अपनी प्रस्तुति देकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया



### शिक्षिकों एवं छात्रों को कलम देकर किया प्रोत्साहित

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत,अपर कलेक्टर एवम उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते, नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ला, एसडीएम प्रदीप मिश्रा, उपायुक्त पी.के.अहिरवार, कार्यपालन यंत्री के पी शर्मा, सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक यंत्री आदेश जैन, सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, प्रभारी फायर नियंत्रण अधिकारी अरविंद प्यासी, उप यंत्री अश्वनी पांडे मृदुल श्रीवास्तव पवन श्रीवास्तव जेपी सिंह बघेल मोना करेरा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### मऊगंज पुलिस ने 19 वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**मऊगंज।** जिले के एसडीओपी मऊगंज सुश्री अंकिता सुल्या के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरी.अनिल काकड़े के द्वारा दिनांक 22/04/2024 को की गई कार्यवाही:मऊगंज पुलिस ने 19 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी को घुरेहटा गांव में दबिश देकर गिरफ्तार किया है। जिसे कागजी कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया है। आरोपी मकबूल अहमद पुत्र अब्दुल रज्जाक उम्र 65 निवासी घुरेहटा जो कि अप. क्र.190/05धारा -498 आईपीसी मे फरार चल रहा था। जिसके खिलाफ मऊगंज माननीय न्यायालय से स्थाई वारंट जारी हुआ था। मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि फरार वारंटी घुरेहटा गांव में घूम रहा है।खबर मिलते ही मऊगंज पुलिस ने घुरेहटा गाव मे दविस देकर उसे गिरफ्तार कर लिया है।महत्वपूर्ण भूमिका मऊगंज थाना प्रभारी निरी.अनिल काकड़े ,प्र.आर.275राजेंद्र सिंह प्र. आर.561 रामकुमार भाष्कर आर . अवनीश पाण्डेय ,आर.विवेक यादव,रजनीश यादव सुरेश यादव की सराहनीय भूमिका रही।

### थाना लौर पुलिस द्वारा 8000 रुपए के इनामी स्थाई वारंटी मनोज गोंड़ सहित एक अन्य वारंटी को गिरफ्तार किया

**मऊगंज।** थाना प्रभारी लौर जगदीश सिंह ठाकुर द्वारा हमराह स्टाफ के साथ आज दिनाँक 22.04.24 को ग्राम बौंड़रा चौकी लालगाँव थाना गढ़ जिला रीवा (म.प्र.) मे दबिश देकर 8000 रुपए के इनामी स्थाई वारण्टी मनोज गोंड़ पिता प्रेमलाल उर्फ श्यामलाल गोंड़ उम्र 30 नि. ग्राम बौंड़रा थाना गढ़ जिला रीवा को गिरफ्तार कर कुल 04 किता स्थाई वारण्टों की तामीली किये गये एवं ग्राम नौढ़िया थाना लौर मे दबिश देकर गिरफ्तार वारण्टी भैयालाल पटेल पिता स्व. कमला प्रसाद पटेल उम्र 60 वर्ष नि ग्राम नौढ़िया थाना लौर जिला मऊगंज को गिरफ्तार कर , माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

**गिरफ्तार वारण्टी** 1- मनोज गोंड़ पिता प्रेमलाल उर्फ श्यामलाल गोंड़ उम्र 30 नि. ग्राम बौंड़रा थाना गढ़ जिला रीवा। 2- भैयालाल पटेल पिता स्व. कमला प्रसाद पटेल उम्र 60 वर्ष नि ग्राम नौढ़िया थाना लौर जिला मऊगंज।

**सराहनीय भूमिका-** जगदीश ठाकुर थाना प्रभारी लौर, सउनि रमेश भारती, दिलराज सिंह चौहान, आरक्षक अखिल सिंह बघेल, आरक्षक देवेश चतुर्वेदी, मुकेश कुमार, शुभाँक सिंह।

### मानपुर विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान का प्रतिशत

**उमरिया 22 अप्रैल-** कलेक्ट र एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र1 कुमार जैन ने बताया कि मानपुर विधानसभा क्षेत्र के पांच मतदान केन्द्रों में 100 फीसदी मतदान हुआ है । इसी तरह 8 मतदान केन्द्रों में 95 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है । 90 से 95 प्रतिशत के बीच 2 मतदान केन्द्र, 85 से 90 प्रतिशत के बीच 2 मतदान केन्द्र, 80 से 85 प्रतिशत के बीच 9 मतदान केन्द्र , 75 से 80 प्रतिशत के बीच 15 मतदान केन्द्र, 70 से 75 प्रतिशत के बीच 34 मतदान केन्द्र ,65 से 70 प्रतिशत के बीच 70 मतदान केन्द्रे तथा 174 मतदान केंद्रो में 65 प्रतिशत मतदान हुआ है

### मतदाताओं का आभार महोत्सव कार्यक्रम आज


**उमरिया ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में ग्राम सेमरी एवं पिपरीटोला के मतदाताओ द्वारा शत प्रतिशत मतदान किया गया है । जिनके सम्मान में मतदाता आभार महोत्सव कार्यक्रम 23 अप्रैल को ग्राम सेमरी में दोपहर 2 बजे से तथा पिपरीटोला में सायं 4 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### समिति की बैठक कल

**उमरिया।** मप्र अनुसूचित जाति, जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत संभाग स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक कमिश्नर की अध्यक्षता में 23 अप्रैल को प्रातः 11.30 बजे कमिश्नर के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। उक्त बैठक अब 24 अप्रैल को आहूत की जावेगी।

## मानव को एकत्व के सूत्र में बांधता - मानव एकता दिवस

# "24 अप्रैल को 19वां विशाल जिला स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन"




रीवा

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन आशीर्वाद से 'मानव एकता दिवस' का आयोजन बुधवार 24 अप्रैल, 2024 को संत निरंकारी सत्संग भवन, चोरहटा बाइपास, रीवा में किया जायेगा। यह दिन युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी के परोपकारी जीवन एवं उनकी लोक कल्याण की भावना को समर्पित है। इस कार्यक्रम में रीवा एवं आसपास के अन्य ग्रामीण इलाकों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर बाबा गुरबचन सिंह जी एवं मिशन के अनन्य भक्त चाचा प्रताप सिंह जी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगें और उनके महान जीवन से प्रेरणा लेते हुए अमोलक प्रवचनों को भी श्रवण करेंगे !

संत निरंकारी मण्डल के सचिव एवं समाज कल्याण विभाग के प्रभारी आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि सतगुरु की असीम कृपा से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समूचे विश्व के विभिन्न स्थानों पर संत निरंकारी मिशन की समाज कल्याण शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में रक्तदान शिविर की अविरल श्रृंखलाओं का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जायेगा जिसमें मानवता की भलाई हेतु रक्तदाता, रक्तदान कर निःस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। रीवा के संत निरंकारी सत्संग भवन, चोरहटा में 24 अप्रैल 2024 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस 19वें विशाल रक्तदान शिविर में रक्त संग्रहित करने हेतु संजय गांधी अस्पताल रीवा एवं कुशाभाऊ ठाकरे जिला अस्पताल बिछिया रीवा के प्रशिक्षित डाक्टर की टीम सम्मिलित होंगी। साथ ही देश के अन्य शहरों में भी आयोजित रक्तदान शिविरों में स्थानीय अस्पतालों के डाक्टर एवं नर्स रक्त संग्रहित करने हेतु उपस्थित होंगे। इसके अतिरिक्त सभी स्थानों पर सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।

युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी ने अपना संपूर्ण जीवन मानवता के कल्याणार्थ समर्पित किया; उन्होंने ब्रह्मज्ञान की दिव्य दात द्वारा मानव को मानव से जोड़कर प्रेम और मिठास की सदा बहने वाली निर्मल धारा को प्रवाहित कर हर हृदय में अपना स्थान बनाया। प्रत्येक भक्त के जीवन को वास्तविक रूप में एक व्यावहारिक दिशा प्रदान की जिसके लिए मानवता उनकी सदैव ही ऋणी रहेगी। उनकी इन्हीं दिव्य सिखलाइयों को वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज सत्य के प्रकाश पुंज रूप में प्रवाहित कर रहे हैं जिसकी रोशनी से हर मानव अपने जीवन का सकारात्मक रूप में कल्याण कर रहा है।

### रक्तदान महादान - मानव सेवा का लक्ष्य महान

युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी द्वारा सन् 1986 से आरम्भ हुई परोपकार की यह मुहिम, महाअभियान के रूप में आज अपने चरमोत्कर्ष पर है। इन शिविरों में अभी तक 13,31,906 युनिट रक्त मानवमात्र की भलाई हेतु दिया जा चुका है और यह सेवाएं निरंतर जारी है।

मतदान सामग्री का वितरण व वापसी व्यवस्थित ढंग से निर्धारित समय पर संपन्न हो

# मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण



रीवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। मतदान सामग्री शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा से 25 अप्रैल को वितरित की जाएगी। मतदान सामग्री के वितरण एवं वापसी के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विधानसभावार ड्यूटी लगाई गई है जिन्हे आज शासकीय इंजीनियरिंग कालेज में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि मतदान सामग्री का वितरण व वापसी व्यवस्थित ढंग से नियत समय पर संपन्न हो इसके लिए नियुक्त अधिकारी और कर्मचारी पूरी सजगता व गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि मतदान सामग्री का समय पर वितरण हो जाने से मतदान दल निर्धारित मतदान केन्द्रों में नियत समय पर पहुंच जाएंगे और मतदान से पूर्व अपनी व्यवस्थाएं कर लेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान सामग्री वितरण के समय अधिकारी दी जाने वाली ईव्हीएम व अन्य सामग्री को व्यवस्थित ढंग से काउंटर से वितरित कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अधिकारी गंभीरता से अध्ययन कर लें तथा प्रशिक्षण में बताई गई बारीकियों को समझें ताकि वितरण कार्य में परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि मतदान के उपरांत सामग्री की वापसी में भी पूरी तत्परता बरती जाए तथा आने वाली सामग्री को निर्धारित स्थानों में व्यवस्थित ढंग से रखवाया जाए ताकि नियत समय पर स्ट्रांग रूम बंद हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को सामग्री वितरण व वापसी स्थल पर निर्धारित समय में उपस्थित होने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन ने विधानसभावार बनाए गए वितरण एवं वापसी काउंटर के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा वितरण एवं वापसी कार्य में लगे अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीले चावल देकर मतदान करने के लिए दिया जा रहा है आमंत्रण





**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। स्वीप गतिविधि के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। महिला बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को पीले चावल देकर मतदान करने के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है। परियोजना रीवा अन्तर्गत खौर, नौवस्ता के साथ ही त्योंथर, चन्द्रपुर, गुढ़, रायपुर कर्चुलियान, रीवा शहरी क्षेत्र के निपनिया, समान, नईगढ़ी, मनगवां, पिपराही, सिरमौर आदि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पीले चावल देकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है।

# नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा घर घर जाकर चलाया गया मलासुर अभियान



**रीवा।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्रांतर्गत दिनांक 22.04.2024 को घर-घर जाकर नागरिको को मलासुर गतिविधि के बारे में बताया गया। मलासुर आभियान का तात्पर्य सेप्टिक टैंक से है अपने सेप्टिक टैंक को हर 3 साल में खाली करवाए इसके बारे में लोगो को समझाइस दी गई। नागरिको द्वारा सेप्टिक टैंक को साफ करने के लिए टोल फ्री नम्बर 181 या 14420 के बारे में भी बताया गया की इन टोल फ्री नम्बर में कॉल करके आप अपने सेप्टिक टैंक को आसानी से साफ करवा सकते है साथ ही नागरिको को बताया गया की नगर निगम में जो रजिस्टर्ड सफाई कर्मी है, उन्ही से सफाई करवाए जिससे सेप्टी उपकरण के साथ सेप्टिक टैंक को साफ करे। प्रायः देखा जा रहा है लोग अपने घरों के आस पास सफाई रखते है लेकिन सेप्टिक टैंक को ध्यान नही देते जिस कारण से पूरा सेप्टिक टैंक का गंदा पानी नालियों के माध्यम से हमारे जलाशयों में मिलाकर हमारे पीने योग्य पानी को दूषित करता है और हमें बीमारियों से जूझना पड़ता है। नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर सेप्टिक टैंक की सफाई कराये जाने के लिए एक अभियान चलाया गया। सभी के प्रयास से ही रीवा शहर को साफ, स्वच्छ, समृद्ध एवं स्वस्थ बनाया जा सकता है।

# दूल्हा दुल्हन सहित घराती और बारातियों ने ली अब नशा से दूर रहने की शपथ



**रीवा।** जिले मे रविवार को एक वैवाहिक कार्यक्रम में अलग ही नजारा देखने को मिला यहां शादी के जोड़े में तैयार खड़े दुल्हा और दुल्हन सहित घराती और बाराती हाथ आगे कर शपथ लिए। ये शपथ थीं नसे से दूर रहने की और समाज को यह मैसेज देने के लिए की नशा नाश का कारण बनता है समाजसेवी सुजीत दुवेदी पिछ्ले कई सालो से नशे के विरूद्ध अभियान छेड़ रखा है उनके पुत्र का विवाह था कार्यक्रम में सैकड़ो लोग उपस्थित थे उसी दौरान समाज को नशा से दूर रहने का सन्देश देने उन्होंने वही शपथ दिलाई इस शपथ में उनका बेटा और नई नवेली बहू भी शामिल हुए । समाजसेवी सुजीत द्विवेदी ने बताया कि नशे से दूर रहने और समाज को नशा मुक्ति का मैसेज देने के लिए ये कदम उठाया है वही आगे उन्होंने बताया कि मैं पिछले कई सालों से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को बता रहा हूं और अभियान चला रहा हूं। इसलिए मैंने अपने बेटे की शादी में भी इसे जारी रखा। मेरी मां कौशल्या द्विवेदी का 4 फरवरी को देहांत हो गया था। उस समय भी हमने मां की चिता को साक्षी मानकर शपथ ली थी। मैं बीते 20 वर्षों से लगातार इस दिशा में काम कर रहा हूं। वही समाजसेवी सुजीत दुवेदी लगातार पैदल यात्रा करके भी लोगों को नशा मुक्ति का संकल्प दिला रहे हैं।

# सभी मतदान केन्द्रों में प्राथमिक जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें




**रीवा !** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने मतदान केन्द्रों की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों में बिजली कनेक्शन के साथ-साथ प्रकाश के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करें। उपलब्धता के अनुसार जनरेटर, रिचार्जेबल लैम्प, चार्ज होने वाले बल्व की व्यवस्था कराएं। मतदान केन्द्रों की साफ-सफाई कराकर वहाँ मतदान दल के ठहरने और भोजन की उचित व्यवस्था करें। गर्मी को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मतदान केन्द्र में एक कूलर की भी अनिवार्यतः व्यवस्था कराएं। मतदान केन्द्रों में चालू हालत में साफ शौचालय होने चाहिए ताकि मतदान दल कर्मियों को परेशानी न हो। मतदान केन्द्र में मतदान कर्मियों के लिए पानी की पर्याप्त व्यवस्था रहे। इसके साथ ही मतदान केन्द्र परिसर में टैंकर भी रखवाया जाए ताकि मतदाताओं को पानी की सुविधा हो। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर छाया के लिए टेंट की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि यदि किसी भी मतदान केन्द्र में जरूरी व्यवस्थाओं में कमी की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जनपद के सीईओ प्रत्येक मतदान केन्द्र पर आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए मतदान पूरा होने तक एक कर्मचारी तैनात रखें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान दिवस पर मतदान दल कर्मियों को प्रदाय की जाने वाली सामग्री में मेडिकल किट भी रखवाई गई है। इसके अतिरिक्त सभी चिकित्सक एआरओ के संपर्क में रहें ताकि चिकित्सा संबंधी किसी भी जरूरत पर वह तत्काल संबंधित मतदान दल के पास तक पहुंच सकें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी कि मतदान सामग्री वितरण केन्द्र में एंबुलेंस के साथ चिकित्सकों का दल तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त मतदान दल कर्मियों के लिए मेडिकल किट में रखी गई दवाईयों के उपयोग के संबंध में भी जानकारी दी गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने जनपद के सीईओ से प्रत्येक मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन ने पिंक व मिक्स पोलिंग बूथ में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में सभी एसडीएम, जनपद के सीईओ, नगर पंचायतों के सीएमओ तथा बीएमओ उपस्थित रहे।

# मतदान केन्द्र में मोबाइल फोन का उपयोग रहेगा प्रतिबंधित

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 में 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान कराने के लिए सभी मतदान केन्द्रों में पूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गयी हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदान केन्द्र के अंदर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत अधिकारियों के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट तथा कैमरे का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसका उल्लंघन करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 132 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मतदान केन्द्र में केवल निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग आफीसर तथा पीठासीन अधिकारी ही आवश्यकता होने पर मोबाइल फोन का उपयोग कर सकेंगे। मतदाता तथा अन्य व्यक्ति मतदान केन्द्र में मोबाइल फोन लेकर न आये। मोबाइल फोन के साथ मतदान केन्द्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मीडिया कर्मियों को प्राधिकृत पत्र जारी किये गये हैं। इस प्रवेश पत्र के साथ ही मीडिया कर्मी मतदान परिसर में प्रवेश कर सकेंगे। मतदान केन्द्र में पीठासीन अधिकारी के निर्देशों के अनुसार ही कार्य संपादन की अनुमति होगी। मीडिया कर्मी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कव्हरेज करते समय किसी भी स्थिति में मतदान की गोपनीयता भंग न हो तथा मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। मीडिया कर्मी मतदान केन्द्र के 100 मीटर के परिधि के बाहर ही किसी व्यक्ति या मतदाता का इंटरव्यू ले सकेगे। निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये प्रवेश पत्र में अंकित निर्देशों का पालन करते हुए सभी पत्रकार निर्वाचन कार्य का कव्हरेज करेंगे।

# मतदाता की पहचान के लिए 12 फोटोयुक्त पहचान पत्र मान्य

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। मतदाता की पहचान सुनिश्चित होने के बाद ही उसे मतदान का अवसर मिलेगा। मतदाता सूची में नाम शामिल होने पर मतदाता अपने मतदाता पहचान पत्र से मतदान का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। मतदाता पहचान पत्र के अलावा निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने के लिए 12 फोटोयुक्त पहचान पत्रों को मान्यता दी गई है। इनमें से किसी एक का उपयोग करके मतदाता की पहचान सुनिश्चित हो जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र को मान्य किया गया है। इसके साथ-साथ बैंक और डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों तथा विधायकों को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक दिव्यांगता आईडी शामिल है ।

# चुनाव प्रचार समाप्ति के बाद सभा, जुलूस, सार्वजनिक प्रचार-प्रसार करना होगा दण्डनीय

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले यानी 24 अप्रैल को शाम 6 बजे से सभी तरह का सार्वजनिक चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 24 अप्रैल को शाम 6 बजे के बाद कोई भी प्रत्याशी निर्वाचन के सम्बन्ध में कोई भी सार्वजनिक सभा या जुलूस नहीं करेगा और न ही उसमें सम्मिलित होगा तथा न ही उसे संबोधित करेगा। कोई भी प्रत्याशी प्रचार समाप्ति के बाद किसी भी ऐसे सार्वजनिक आयोजन, धार्मिक आयोजन, शादी-विवाह समारोह में सम्मिलित होकर चुनाव प्रचार संबंधी किसी भी प्रकार की कोई अपील भी नहीं करेगा।

टी.वी, चलचित्र, रेडियो, एफ.एम.चौनल, मोबाइल पर वीडियो संदेश, वॉइस संदेश और ऐसे किसी भी साधन से चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद प्रचार संबंधी कोई अपील नहीं करेगा। कोई भी प्रत्याशी संगीत समारोह, नाट्य अभिनय और मनोरंजन के किसी भी ऐसे साधन का प्रयोग नहीं करेगा, जिससे चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित किया जा सके। किसी भी प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन की व्यवस्था भी नहीं करेगा। जनता के समक्ष चुनाव संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा। इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर दो वर्ष का कारावास या जुर्माना या फिर दोनों प्रकार के दण्ड का प्रावधान है। उम्मीदवार प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस और उसके एक दिन पहले अपील जारी कर सकते हैं। अपील जारी करने के पूर्व उसका जिला स्तरीय मीडिया मॉनीटरिंग सेल से प्रमाणन कराना आवश्यक होगा।

### सोशल मीडिया पर भी नहीं होगा चुनाव प्रचार

**रीवा।** संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार की अवधि 24 अप्रैल को शाम 6 बजे समाप्त हो रही है। इस अवधि के बाद प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी चुनाव प्रचार प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि कोई भी उम्मीदवार अथवा राजनैतिक दल 24 अप्रैल को शाम 6 बजे के बाद सोशल मीडिया पर वाइस मैसेज, फोन काल अथवा सामान्य एसएमएस भेजकर चुनाव प्रचार अथवा मत की याचना न करें। ऐसा करना निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। ऐसा करने पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

# वोटिंग मशीन में होगा नोटा का भी बटन

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। निर्वाचन आयोग द्वारा वोटिंग मशीन में नोटा का भी बटन लगाया गया है। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि यदि कोई मतदाता मतदान केन्द्र में प्रवेश करने के बाद उसकी पहचान सुनिश्चित होने के बाद अपना मत किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में नही देना चाहता है तो उसके लिए उपरोक्त में से कोई नही नॉन आफ दी एवं नोटा का बटन रहेगा। इसको दबाने पर किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में मत अंकित नहीं होगा। इस बटन का उपयोग करने वाले मतदाताओं की गोपनीयता भंग नही की जाएगी। बटन पर हिन्दी भाषा में नोटा लिखा रहेगा। मतगणना के समय भी नोटा में दर्ज मत अलग से प्रदर्शित किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नियम 49-ण के अनुसार यदि किसी मामले में नोटा के संबंध में दिए गए मतों की संख्या चुनाव में शामिल अन्य उम्मीदवारों को प्राप्त मतों से अधिक है तो नियम 64 के प्रावधान के अनुसार अन्य उम्मीदवारों के बीच जिस उम्मीदवार को अधिक मत प्राप्त हुए है उसे निर्वाचित घोषित किया जाएगा।

### आज भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष आएंगे रीवा, एसएफ मैदान में चुनावी जनसभा को करेंगे संबोधित

**रीवा।** सोमवार को मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मंगलवार को रीवा आ रहे हैं। जो भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभा को एसएएफ ग्राउण्ड में 12 बजे सम्बोधित करेंगे। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष टीकमगढ़ से हेलीकाप्टर द्वारा रीवा आएंगे। जहां वह चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने के पश्चात सतना हेलीपैड जाएंगे। प्रेस वार्ता के दौरान डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि भाजपा के पक्ष में पूरे देश में वातावरण बना हुआ है वही जो कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए हैं उन्होंने ही बताया जिस पार्टी ने राम मंदिर के निमंत्रण ठुकराया है उस पार्टी में रहना व्यर्थ है।

## खबर संक्षेप

### ईव्हीएम स्ट्रांग रूम के संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के लिए अधिकारी तैनात

**अनूपपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने लोकसभा आम निर्वाचन हेतु मतदान पश्चात ईव्हीएम स्ट्रांग रूम के निकट एक 24 घंटा सक्रिय नियंत्रण कक्ष एवं 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी हेतु अधिकारियों की तैनादगी संबंधी जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र हेमंत खैरवार के स्थान पर सहायक परियोजना यंत्री पीआईयू संभाग अनूपपुर अजीत कुमार सिंह की ड्यूटी पॉलिटेक्निक कॉलेज अनूपपुर में निर्मित ईव्हीएम स्ट्रांग रूम के संपूर्ण व्यवस्था की निगरानी हेतु तत्काल प्रभाव से लगाई गई है। संबंधित अजीत सिंह निर्धारित तृतीय पाली में निर्धारित तिथि पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

### सीईओ जिला पंचायत ने ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर पेयजल आपूर्ति की स्थिति का लिया जायजा

**डिंडौरी।** सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह ने आज जनपद पंचायत अमरपुर में पेयजल व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अमरपुर विकासखंड की परसेल पंचायत के तहत पुष्कर धरोक्षर चेकडेम खरमेर नदी, मछरार नाला सक्का रोड, ढोलबीजा नाला बंधान पंणायत नादा, अमोरी नाला भैंसवाही मे चेकडेम व बोरी बंधान,अमृत सरोवर अलोनी उमरहा नाला ग्राम पंचायत अलोनी और भाखा अमरपुर का निरीक्षण करते हुए, पेयजल आपूर्ति और पेयजल संरक्षण का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आरईएस के ईई आर एस धुर्वे भी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**डिंडौरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने शासकीय चंद्रविजय कॉलेज डिंडोरी का निरीक्षण कर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### कलेक्टर ने किया घुसियामाल सिंगारपुर के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

**डिंडौरी।** जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए डिंडोरी विकासखंड के घुसीयामाल सिंगारपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य प्रगतिशील है। कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने उक्त प्लांट का निरिक्षण करते हुए, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेते हुए प्लांट का जायजा लिया। प्लांट के लिए नर्मदा नदी से पानी लिया जा रहा है। जिससे जल आपूर्ति को पूरा किया जाना है। प्लांट के माध्यम से जल प्रदान करने की तैयारीयों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रचलित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की टेस्टिंग की जानकारी ली और शेष निर्माणधीन कार्यों को पूरा करने के लिए जिम्मेवार अधिकारीयों को निर्देशित किया।

### बरगांव के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थल का कलेक्टर ने किया मुआवना

**डिंडौरी।** बरगांव में जल आपूर्ति करने के लिए वाटरट्रीटमेंट प्लांट का कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए चिन्हित स्थल का निरिक्षण करते हुए प्रगतिशील कार्यों की समीक्षा की। जल प्रदान करने के लिए बनाये जा रहे वाटर टैंक की जानकारी लेते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बरगांव में पेयजल आपूर्ति के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा उक्त वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है।

### आवासीय बालिका छात्रवास प्राचीन डिंडोरी में शिविर का हुआ आयोजन

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार आयुष विभाग द्वारा आज नेता जी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रवास प्राचीन डिंडोरी में शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में डॉ. समीक्षा सिंह और डॉ. अनुपमा परस्ते ने बच्चियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की। शिविर में माहवारी प्रबंधन, अच्छे खानपान और भोजन व्यवस्था पर विस्तृत जानकारी दी गई।

---

सारे प्रयास हुये नाकाम, वोटिंग प्रतिशत बढ़ने का नहीं मिल पाया मुकाम

**संसदीय क्षेत्र मे पिछले दो पंचवर्षीय की अपेक्षा 12% गिरा मतदान**

2019 शहडोल संसदीय क्षेत्र में 74 प्रतिशत हुआ था मतदान

# सस्पेंस में मतदाता आखिर जीत किसकी

● कम हुए मतदान ने रिकार्ड बनाए रखने का बिगाड़ दिया समीकरण ●



लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए 21 राज्यों की 102 सीट सहित शहडोल लोकसभा के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। राजनीतिक दलों और निर्वाचन आयोग की तरफ से पूरी ताकत लगाने के बाद भी मतदान प्रतिशत 2019 के चुनाव के मुकाबले काफी कम रहा। अब राजनीतिक दल इस बात से घबराए हुए हैं कि आखिर 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले 2024 में हुए चुनाव में मतदान लगभ 12 प्रतिशत कम वोटिंग क्यों हुई वही मतदाता भी पशोपेश मे है कि कम वोटिंग मे इस बार जीत किसकी होगी।

अनूपपुर

खास खबर

मध्य प्रदेश में पहले चरण की छह सीटों सहित शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। शहडोल लोकसभा क्षेत्र में हुए कम मतदान ने रिकार्ड बनाए रखने का समीकरण बिगाड़ दिया। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शहडोल संसदीय सीट पर शाम 7 बजे तक लगभग 62 प्रतिशत मतदान हुआ जो पिछले 2019 के चुनावों से बारह प्रतिशत मतदान कम है। मतदान के लिए निर्धारित समय 6 बजे के बाद कई केंद्रों में मतदान के लिए कतार लगी और वोटिंग हुई। गर्मी को देखते हुए सुबह से ही मतदान केंद्रों में लंबी कतार लग गई थी।

### 2199 मतदान केंद्रों में पहले माक पोल

शहडोल संसदीय क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा से 2199 मतदान केंद्रों में मतदान दल ने पहले माक पोल किया। इसकी प्रक्रिया सुबह 6 बजे से शुरू कर दी गई थी। इसके बाद मतदान चलता रहा है। कुछ स्थानों पर माकपोल के दौरान ईव्हीएम में खराबी होने के कारण देरी से कारण मतदान शुरू हुआ। वहीं जहां मतदान पूरा हो गया था, वहां का मतदान दल अपनी वापसी की तैयारी में लग गया था। देर रात तक मतदान दल मुख्यालयों में पहुंचकर ईव्हीएम मशीन जमा करा दिए थे।

### इस बार बारह प्रतिशत घटा मतदान

2019 के चुनाव में 10 प्रतिशत मतदान बढ़ा था, लेकिन इस बार बारह प्रतिशत घट गया है, जबकि स्वीप प्लान के तहत मतदान के लिए जन जागरुकता अभियान में सरकारी अमला लगा रहा। मतदान का प्रतिशत नीचे गिरने का पहला कारण प्रत्याशियों का चयन मतदाताओं की पसंद न होना माना जा रहा है। इसके अलावा भीषण गर्मी, शादी विवाह के आयोजन और कार्यकर्ताओं की सुस्ती भी है। हालांकि तपिश की परवाह किए बिना "मत" वाले उत्साहपूर्वक घरों से निकले और लोकतंत्र के महायज्ञ में अपनी सहभागिता निभाई।

### सुबह 7 से 11 बजे तक मतदान मे तेजी

सुबह 7 बजे से 11 बजे तक मतदान तेजी हुआ। इसके बाद जैसे गर्मी बढ़ी मतदान की गति धीमी पड़ गई। दोपहर बाद फिर तेजी आई लेकिन प्रतिशत पिछले चुनाव की बराबरी तक नही पहुंच पाया। शहडोल संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभाओं में सबसे अधिक जयसिंहनगर और सबसे कम मानपुर विधानसभा में मतदान हुआ है। यहां सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी हिमांद्री सिंह और विधायक फुंदेलाल सिंह एवं कांग्रेस प्रत्याशी फुंदेलाल सिंह के बीच मुकाबला है। शहडोल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली शहडोल, उमरिया और अनूपपुर जिलों में मतदाता उत्साहित नजर आए। दिव्यांग मतदाताओं ने कड़ी धूप के बीच चुनाव में भागीदारी निभाई। युवा एवं बरिष्ठ मतदाताओं ने भी उत्साहपूर्वक मतदान किया। अहम बात यह रही है कि सभी मतदान केंद्रों में मतदान हुआ। पांच गांवों में स्थानीय समस्याओं को लेकर विरोध जताया गया, लेकिन बाद में प्रशासन की सूझबूझ से वहां भी मतदान करा लिया गया।

### इस बार 10 उम्मीदवारों के लिए मतदान

10 उम्मीदवारों के लिए मतदान में भाजपा से वर्तमान सांसद हिमाद्री सिंह और कांग्रेस से पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को हैं। वहीं सभी 10 उम्मीदवारों में से 8 उम्मीदवार पार्टी सिंबल से और 2 निर्दलीय हैं। भाजपा और कांग्रेस के बाद 2 अन्य प्रमुख पार्टियों में बसपा और गोंगपा है। कमिश्नर बीएस जामोद, एडीजीपी डीसी सागर, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक अपनी टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

### तीन लोकसभा चुनाव का मत प्रतिशत

संसदीय क्षेत्र शहडोल मे जहां 2014 मे वोटिंग प्रतिशत 62.20 था वही 2019 के चुनाव मे यह प्रतिशत 12.53 प्रतिशत बढ़कर



74.73 हो गया था परंतु 2024 के आम चुनाव मे यह लगभग 12 प्रतिशत घटकर 62 प्रतिशत ही रहा जो काफी चिंताजनक होने के साथ साथ मतदाताओं समेत राजनीतिक दल व शासन प्रशासन की कर्तव्यनिष्ठा पर प्रश्न चिन्ह खड़े करता है।10 फीसदी वोट कम पड़े, लेकिन बीजेपी को बड़ा नुकसान नहीं

शहडोल में करीब 12 फीसदी कम वोट पड़े हैं। इससे कांग्रेस में उत्साह दिख रहा है, लेकिन 2019 में यहां 60 फीसदी वोट भाजपा को मिले थे। यहां का वोटिंग ट्रेंड ये है कि जब-जब वोटिंग बढ़ी है, इसका सीधा फायदा भाजपा को होता रहा है, इस बार वोटिंग कम हुई है, लेकिन भाजपा के लिए बड़ी चिंता नहीं है। जानकारों का कहना है कि भाजपा की हिमाद्री सिंह की जीत का मार्जिन यहां जरूर कम हो सकता है परंतु वे ही जीत के करीब होंगी।

### किसकी रही कमी-राजनीतिक दल, प्रशासन या दोनों

राज्य में पहले चरण के चुनाव के दौरान हुई कम वोटिंग ने राजनीतिक दलों और निर्वाचन आयोग दोनों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी है। पहले चरण में शहडोल संसदीय क्षेत्र मे उम्मीद से कम मतदान हुआ। यह तब है, जब राजनीतिक दलों के साथ—साथ निर्वाचन आयोग भी अपने स्वीप अभियान के जागरूकता अभियान चलाया। वोटिंग प्रतिशत कम रहने से जहां राजनीतिक दलों की नींद उड़ी हुई है, वहीं निर्वाचन आयोग द्वारा किए जा रहे उपायों पर भी सवालिया निशान लग रहा है। बीजेपी ने तो हर बूथ पर अपने कार्यकर्ताओं को अलर्ट पर रखा था।

---

## हनुमान जयंती पर ग्रहों का शुभ संयोग, बरसेगी कृपा



अनूपपुर

हनुमान जयंती को हिंदू धर्म के प्रमुख पर्वों में से एक माना जाता है और भक्तों को पूरा साल इस शुभ दिन का इंतजार रहता है। इस बार 23 अप्रैल यानि आज हनुमान जयंती है। इस दिन मंगलवार भी है और ग्रहों के योग से बहुत ही दुर्लभ संयोग भी बना है। इस दिन मंगल ग्रह अपना राशि परिवर्तन भी कर रहे हैं और वह मीन राशि में आने वाले हैं। इस दिन चित्रा नक्षत्र प्रभाव में रहेगा और मंगल मीन राशि में आकर राहु, शुक्र, बुध, नेपच्यून के साथ युति संबंध बनाएंगे। जिससे पंचग्रही योग निर्मित होगा। इस दिन चित्रा नक्षत्र में सिद्ध योग का शुभ संयोग बना है। इस अवसर पर मेष राशि में बुधादित्य राजयोग भी बना है। कुंभ राशि में शनि शश राजयोग बना रहे हैं। इन सभी शुभ संयोग के बीच में बजरंगबली की कृपा से कई राशियों के भाग्य के दरवाजे खुलते चले जाएंगे। इन राशियों को कारोबार में बड़ा मुनाफा हासिल होगा और करियर में भी अप्रत्याशित सफलता मिलेगी। हिन्दू धर्म में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के परम भक्त हनुमान को संकटमोचक माना गया है। हनुमान जी की महिमा अपार है। मान्यता है कि श्री हनुमान का नाम लेते ही सारे संकट दूर हो जाते हैं और भक्त को किसी बात का भय नहीं सताता है। उनके नाम मात्र से आसुरी शक्तियां गायब हो जाती हैं। मान्यता है कि हनुमान जी ने भगवान शिव के 11वें अवतार के रूप में माता अंजना की कोख से जन्म लिया था। हिन्दू मान्यताओं में श्री हनुमान के परम बलशाली और मंगलकारी माना गया है। हनुमान जी का आशीर्वाद जीवन में आने वाली हर समस्या को दूर करने की क्षमता रखता है। हनुमान जी को मंगलकारी कहा गया है इसलिए इनकी पूजा जीवन में मंगल लेकर आती है। हनुमान जयंती के अवसर पर जहां जिला मुख्यालय के इंदिरा तिराहा के पास उत्कृष्ट विद्यालय मे संदीप शिवहरे देवी जागरण करेंगे वही सामतपुर व बस्ती स्थित केशरी नंदन हनुमान जी मंदिर समिति द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी तथा शहर भ्रमण होगा।

---

# गली-मोहल्लों में अवैध कबाड़ का धंधा

कोतमा

नगर मे खुलेआम कबाड़ियों का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। अबैध कबाड़ की दुकानों में पुलिस की सरकारी लोहे पर नजर भी पड़ रही है, लेकिन कबाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। यही वजह है कि अब चोर कालरी से लोहा एवं अन्य सामान चुराकर कबाड़ दुकानों में आसानी से खपा रहे हैं। नगर के बनिया टोला में रोड अंडर ब्रिज के पास वार्ड क्रमांक 7 शिशु भारती स्कूल के पास मनेद्रगढ़ रोड वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर जनपद कार्यालय के आगे कॉलेज तिराहा के पास कबाड़ दुकानों की लाइन शुरू होती है। अवैध दुकानों को बंद करवाने के लिए पुलिस हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। पुलिस संरक्षण से ही कबाड़ दुकानें संचालित हो रही हैं। इस व्यसाय में पुलिस और प्रशासन का कोई रोकटोक नहीं है। थाना क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक जगहों पर कबाड़ दुकान चल रही हैं। कबाड़ सामान को सड़क तक फैलाकर रखते हैं। संचालक बेधड़क कालरी के लोहे को खरीद रहे हैं। फिर दूसरी जगह महंगे दाम में सप्लाई करते हैं। बाइक व अन्य चोरी के सामान खपाना आम बात हो चुकी है।

### चोरी की घटनाएं भी बढ़ी

इन दिनों नगर के गली मोहल्लों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी जगह-जगह कबाड़ दुकान संचालित हो रही है। सभी संचालक प्रत्येक सप्ताह सैकड़ों टन लोहे का कबाड़ खरीद रहे हैं। इतनी मात्रा में लोहे कहां से आ रहा है। इसके बारे में किसी को पता नहीं है। दूसरी ओर जैसे-जैसे कबाड़ दुकानों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, उसी तरह चोरी की घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। चोर नए-नए क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। इससे पहले कभी भी चोरी होने की शिकायत नहीं मिली थी। लेकिन पिछले कुछ दिनों से नगर में चोरी की घटना में इजाफा हुआ है। कालरी से लोहे चोरी हो रहे हैं। इन्हें कबाड़ दुकानों में आसानी से खपाया भी जा रहा है। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता चोरी की घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार प्रयासरत है। लेकिन कबाड़ दुकानों को बंद करवाने के लिए अभी तक कोई प्रयास नहीं किया गया है। पुलिस के संरक्षण में कबाड़ी खुलेआम कारोबार कर रहा है। पुलिस कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता पूरी करती है। यह भी स्पष्ट है कि पुलिसकर्मी थानों में बैठने वाले संचालकों के दुकान के करीब भी नहीं जाते हैं।

### स्टाक रजिस्टर से चल रहा धंधा

कबाड़ दुकानों में ज्यादातर चोरी का माल खपाया जाता है। पुलिस कई बार कबाड़ दुकानों से चोरी की सामग्री जब्त कर चुकी है। इसके बावजूद कबाड़ दुकान खोलने के लिए कोई कड़ा नियम कानून नहीं बनाया गया है। सिर्फ एक स्टाक रजिस्टर बनाकर दुकान संचालित किया जाता है। स्टाक रजिस्टर में खरीदी-बिक्री किए गए सामान को दर्ज कर कारोबार करते हैं। इन दिनों नगर में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। एक सप्ताह के अंदर तीन लोगों से मोबाइल लूट की घटना हो चुकी है। चोरी की कई बड़ी घटना भी घटित हो चुकी है। लेकिन पुलिस लूट एवं चोरी की घटना का पर्दाफाश करने में असफल साबित हो रही है।

---

# लंबित विभागीय कार्यों में गति लाएं-कलेक्टर

## समयावधि बैठक में कलेक्टर ने समीक्षा कर दिए निर्देश

अनूपपुर

जिले में शांतिपूर्ण, निर्विघ्न निर्वाचन सम्पन्न होने पर सभी लोगों के सहयोग के लिए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने आभार ज्ञापित किया है। श्री वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के पूर्व यह बातें कही। बैठक में अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर डी.के. पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी तथा वर्चुअल माध्यम से एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, नगरीय क्षेत्रों के सीएमओ उपस्थित थे। समयावधि बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने संचालित विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए जन-मन योजना आदि आदर्श ग्राम, विद्युतीकरण, जल जीवन मिशन, स्वनिधि से समृद्धि प्रोफाईल अपडेशन कार्य, डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत प्रगतिरत कार्यों तथा जिले के चारों विकासखण्डों में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा लाइब्रेरी भवन के निर्माण कार्य, लेमनग्रास उत्पादन, एनसीएल मद से स्कूलों में प्रसाधन भवन का निर्माण, मल्टी परपच सेन्टर पीव्हीटीजी हास्टल निर्माण तथा अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए।

### अगले डेढ़ माह विभागीय कार्यों में फोकस करें

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने लोकसभा आम निर्वाचन के प्रथम चरण में अनूपपुर जिले में सम्पन्न मतदान के पश्चात अब आगामी डेढ़ माह लंबित विभागीय कार्यों को गतिपूर्वक करके कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने बैठक में लंबित समयावधि पत्रों की समीक्षा करते हुए विभागीय रिव्यु बैठक के पूर्व प्रगति परिलक्षित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वन विभाग अंतर्गत अन्तर्विभागीय लंबित अनुमति कार्यों को निराकृत करने के निर्देश दिए, जिससे विभागों के कार्य गतिपूर्वक कराए जा सके। उन्होंने जिले के 35 स्थानों में बीएसएनएल के मोबाइल टॉवर स्थापित किए जाने की समीक्षा की। बताया गया कि 5-7 स्थानों में टॉवर की स्थापना हो चुकी है। शेष में कार्य होना है, जिस पर उन्होंने इसकी पूर्णता व मानीटरिंग संबंधी निर्देश अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को दिए।

### बारिश पूर्व होने वाले महत्वपूर्ण कार्यों के अनुमति प्रस्ताव दें

आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रख ऐसे महत्वपूर्ण कार्य जो समय-सीमा में किए जाने है जिससे संबंधित प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी




कार्यालय से कार्यों की अनुमति के लिए विभाग प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराएं, जिससे कार्यों की अनुमति लेकर वर्षा ऋतु के पूर्व कार्य किया जा सके। निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता के पूर्व से संचालित कार्यों में प्रगति लाने के कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जल अभावग्रस्त संबंधी जारी आदेश के मुताबिक बिना अनुमति बोरवेल उत्खनन पर सख्ती से कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुरूप जल समस्या के निदान हेतु बोरवेल का अतिक्रमण किया जाए। जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मण्डी में लगने वाली दुकानों को व्यवस्थित ढंग से लगाए जाने संबंधी आवश?यक कार्यवाही के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं।

---

# पड़ रही भीषण गर्मी में स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग

**अनूपपुर/कोतमा।** गर्मी के प्रकोप के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित अभिभावकों ने मध्य प्रदेश सरकार से अनुरोध किया है कि या तो स्कूलों के समय में बदलाव किया जाए या गर्मियों की छुट्टियां निर्धारित समय से पहले शुरू की जाएं। गर्मी को देखते हुए अनेक स्कूलों में आउटडोर गतिविधियों को कम कर दिया गया है। बच्चों के माता-पिता का दावा है कि इतनी भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों का समय बच्चों के लिए सही नहीं है। कई राज्यों की सरकार ने घोषणा की है कि गर्मी के प्रकोप को देखते हुए सभी निजी और सरकारी स्कूलों में समय से पहले भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। अनूपपुर जिला मुख्यालय सहित कोतमा एवं कोयलांचल तथा ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावको ने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार ने धूप में, विशेष रूप से दोपहर 12 से अपरान्ह 3 बजे के बीच बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है, लेकिन प्रदेश में अधिकतर स्कूलों का समय सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक है। उन्होंने कहा कि बच्चे तीन बजे तक घर पहुंचते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि गर्मी के सबसे भीषण दौर से वे गुजरते हैं जो वाकई खतरनाक है। हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि या तो दूसरे राज्यों की तरह स्कूलों का समय बदलें या गर्मियों की छुट्टियां पहले ही शुरू कर दें। देश भर के कई राज्यों में अप्रैल में ही भीषण गर्मी ने दस्तक दे दी है। तपती गर्मी से स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में छोटे बच्चे बीमार पड़ सकते हैं, इसी को ध्यान में रखते कई राज्य सरकारों ने समय से पहले स्कूलों में शीतकालीन अवकाश घोषित कर दिया है। मध्य प्रदेश सरकार को भी भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर देना चाहिए। जिससे हमारे बच्चे इस भीषण गर्मी एवं लू के थपेढो से बच सके। सरकार को कलेक्टरों के माध्यम से जिले के स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने के निर्देश दे देने चाहिए।

---

# निर्माण कार्यों में वन भूमि की अनुमति के संबंध में समन्वय बैठक में की गई

अनूपपुर



वन भूमि में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों से संबंधित अनुमति प्रकरण के निराकरण के संबंध में अंतर्विभागीय समन्वय बैठक कलेक्टर आशीष वशिष्ठ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित की गई। बैठक में वन मण्डलाधिकारी श्रद्धा पेन्द्रे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, वन विभाग के एसडीओ, रेन्ज ऑफीसर तथा आरईएस, पीडब्ल्यूडी, पीआईयू, पीएमजीएसवाई, विद्युत विभाग के अधिकारी तथा वर्चुअल माध्यम से जनपद पंचायतों के सीईओ व नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में निर्माण कार्यों में वन भूमि संबंधी अनुमतियों के संबंध में चर्चा कर प्रकरणों के निराकरण के संबंध में प्रक्रियात्मक कार्यवाही किए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने विभिन्न विभागों के वन भूमि संबंधी अनुमतियों के संबंध में ध्यानाकर्षण किया तथा वन विभाग के अधिकारियों को आगामी टीएल बैठक के पूर्व लंबित प्रकरणों पर कार्यवाही किए जाने के संबंध में कहा गया। उन्होंने निर्माण विभाग के अधिकारियों को वन भूमि संबंधी अनुमति के संबंध में वन मण्डलाधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर प्रकरणों के निराकरण संबंधी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने वन भूमि अनुमति संबंधी लंबित प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी।

---

**Presiding Officer: सुश्री गुजंन गौड़**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (RCS A/00000/2024)
सरूपा गोंड़ उर्फ रामस्वरूप ....................वादी Vs
गरीबा वगै. ......................प्रतिवादी
Pro no. 658/2024
Process Id-/2024
पेशी दिनांक :- 23/04/2024
प्रेषिती–
यह कि प्रार्थी सरूपा गोंड़ उर्फ रामस्वरूप ने आपके विरूद्ध व्यवहारवाद के लिए बाद संस्थित किया है,वादी सरूपा, सरुपा गोंड़ एवं रामस्वरूप पिता फोदाली निवासी ग्राम कोठी तहसील कोतमा जिला अनूपपुर म.प्र. के निवासी है, वादी सरूपा के राजस्व अभिलेखों में रामस्वरुप पिता तथा अन्य रिकॉर्ड में सरुपा, सरुपा गोड़ अंकित है अर्थात सरुपा, सरुपा गौड़ व रामस्वरुप तीनों नाम वादी के ही हैं जिसके संबंध में घोषणा चाही गई है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 01 April 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायाधीश
(गुजंन गौड़)
मुद्रा
प्रथम व्यावहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड कोतमा
जिला अनूपपुर (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी पेशी दिनांक पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।